**राज्य सहायता प्राप्त औद्योगिक गृह निर्माण योजनाओं के अन्तर्गत बने मकानों को किरायेदारों को बिक्री के लिए मध्य प्रदेश को अनुमति प्रदान किया जाना**

4493. श्री गं० च० दीक्षित : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार को राजसहायता प्राप्त औद्योगिक गृह निर्माण योजनाओं के अन्तर्गत बने मकानों को किरायेदारों को किश्तों के आधार पर बेचने की अनुमति दे दी है;

(ख) क्या सरकार उनसे मकानों का बाजार मूल्य लेगी; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री परिमल घोष) : (क) तथा (ख). मध्य प्रदेश सरकार से एक विशिष्ट प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उन्हें, सहायता प्राप्त औद्योगिक आवास योजना के अन्तर्गत, आवंटी कामगरों को नन्दा नगर, इन्दौर में, उन द्वारा बनाए गए 1640 मकानों को बेचने की अनुमति अन्य बातों के साथ-साथ इस शर्त पर दे दी गई है कि मकानों का विक्रय मूल्य उनक बाजार दर (भूमि की कीमत सहित) पर होगा, जिसमें से सामान्य मूल्यह्रास को कम किया जायगा ।

(ग) औद्योगिक मकानों का निर्माण पात्र औद्योगिक कर्मचारियों के हित के लिए पर्याप्त केन्द्रीय अनुदान से किया गया है । योजना के अन्तर्गत बने मकानों की बिक्री को निरुत्साहित किया जाता है क्योंकि इससे औद्योगिक कर्मचारियों के आवंटन के लिए उपलब्ध मकानों की संख्या कम हो जायेगी । जहां बिक्री की अनुमति दी जाती है वहां नये मकानों के निर्माण से संख्या को पूरा किया जाता है, जिनकी लागत बिक्री किए गए मकानों की मूल लागत से कहीं अधिक होती है । अतः मकानों को वर्तमान बाजार दर पर बेचना उचित है ।

**Posts Lying Vacant in I.F.S. (A) Cadre**

4494. SHRI VIRENDRAKUMAR SHAH : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether at least 38 senior-grade posts in the IFS (A) Cadre are lying vacant at the moment;

(b) whether a suggsstion that the vacant posts should be filled up partly by inducting IAS officials and partly by promoting deserving members from the Ministry's External Publicity Division and Research and Legal Treaties Division has been opposed by IFS (A) Association; and

(c) if the answers to the above parts be in the affirmative, whether he has since looked into the matter and if so, the steps being taken to fill in the vacant posts ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) The number of vacant posts in all the senior grades together, is at present 32.

(b) There has been no proposal for induction, in the sense of permanent appointment, of IAS or other non-IFS cadre officials, to the IFS. Promotions to the IFS are regulated by the IFS rules. These rules prescribe the quota of promotion to the IFS from the officers of the External Publicity Division, but do not provide for promotions to the IFS from the Research Cadre or the Legal and Treaties Division cadre.

There have been deputations to the IFS, from other Class I Central Services,